हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 24 अप्रैल 2024



### जयकारों की गूंज

शहर में श्री हनुमान जयंती आयोजन समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। म्युनिसिपल स्कूल मैदान से दोपहर को निकली इस शोभायात्रा में श्रीराम मंदिर अयोध्या एवं भगवान राम दरबार की भव्य झांकी आकर्षण की केन्द्र रही। शोभायात्रा में भगवान हनुमान के रूप में भी कई कलाकार शामिल हुए। वहीं बच्चे भी श्री हनुमान की वेशभूषा में शोभायात्रा में उपस्थित थे। बाजे-गाजे, डीजे, भजन मंडली सहित अन्य कलाकारों द्वारा शोभायात्रा में प्रस्तुति दिया गया। इस दौरान बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोग ध्वज पताका लिए शामिल हुए। पूरे शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम एवं वीर हनुमान के जयकारों की गूंज रही।



## मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा-अर्चना, जगह-जगह भंडारे का आयोजन

# शोभायात्रा में झूमे हनुमान भक्त, गूंजे श्रीराम के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

भगवान श्रीराम भक्त वीर हनुमान के जन्मोत्सव पर अंचल में श्रद्धाभक्ति का माहौल रहा। मंदिर एवं घरों में जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। वहीं शहर में बाजे-गाजे एवं भजन-कीर्तन के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। देर शाम तक विविध धार्मिक कार्यक्रम एवं भंडारा का आयोजन किया गया। श्री हनुमान प्रक्टोत्सव पर अंचल में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री हनुमान मंदिर के आसपास आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। सिंगारपुर श्री हनुमान मंदिर, भानपुरी हनुमान मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक, शीतला माता मंदिर परिसर हनुमान मंदिर, श्रीराम दरबार मंदिर, श्रीराम मंदिर मिलचाल, हनुमान मंदिर मानव मंदिर चौक सहित अन्य मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति रही। हवन-पूजन के साथ ही लोगों ने श्रद्धाभक्ति के साथ भगवान श्रीराम भक्त वीर हनुमान का जन्मोत्सव मनाया। इस मौके पर महाप्रसादी भंडारा सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।





### जगह-जगह स्वागत

शोभायात्रा शहर के जीई रोड, गुरूनानक तिराहा, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाईन, हलवाई लाईन, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, कामठी लाईन, भारत माता चौक, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक, जूनीहटरी, गूडाखू लाईन, भगत सिंह चौक, महावीर चौक सहित प्रमुख मार्ग होते हुए म्युनिस्पल स्कूल गांधी सभागृह पहुंचकर समाप्त हुई। रास्ते में कई समाजसेवी संगठनों द्वारा स्वागत पंडाल लगाए गए थे, जहां से शोभायात्रा में शामिल लोगों को जलपान इत्यादी की व्यवस्था की गई। अंचल में देर रात तक विविध धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला रही। दिनभर भक्ति का माहौल रहा।

## राजनांदगांव लोकसभा में 26 अप्रैल को मतदान, आज शाम तक ही होगा प्रचार

# आज थमेगा चुनावी शोरगुल: कांग्रेस की तीन रैली के बाद सभा, भाजपा का दोपहर में रोड शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

देश में अगली सरकार चुनने के लिए जारी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव सीट में आज शाम छह बजे चुनावी प्रचार का शोरगुल थम जाएगा। पिछले एक महीने से जारी प्रचार के दौर के अंतिम दिन आज सभी दल अपनी ताकत झोंकने की तैयारी में है।

भाजपा जहां दोपहर को एक रोड-शो शहर में निकालने वाली है। वहीं कांग्रेस शहर के तीन अलग-अलग इलाकों से रैलियां निकालने के बाद जयस्तंभ चौक में एक सभा का आयोजन करने जा रही है। इसके साथ ही बसपा प्रत्याशी भी आज शहर के आधा दर्जन से अधिक इलाकों में रैली निकालने के बाद एक सभा करने वाले हैं।

उल्लेखनीय है कि 16 मार्च को चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही राजनांदगांव लोकसभा सीट में चुनावी माहौल बन गया था। कांग्रेस द्वारा इस सीट से पूर्व सीएम भूपेश बघेल को प्रत्याशी बनाए जाने से यह हाइप्रोफाइल सीट हो गई है। यही कारण है कि भाजपा के अलावा कांग्रेस भी इस सीट को जीतने के लिए अपना पूरा जोर लगा रही है।

### कांग्रेस-भाजपा के अलावा बसपा, गोंगपा के प्रत्याशी भी आजमा रहे अपना भाग्य



#### इनके बीच मुकाबला

चुनावी मैदान में कुल 15 अभ्यर्थी हैं। जिनमें भाजपा से संतोष पांडे, कांग्रेस से भूपेश बघेल, बसपा देवलाल सिन्हा, शक्ति सेना नारद प्रसाद निषाद, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी रमेश राजपूत, न्याय धर्म सभा रामफल पाटिल, हमर राज पार्टी ललिता कंवर, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी लाखन सिंह टंडन तथा निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली, त्रिवेणी पडोती, बसंत कुमार मेश्राम, भुवन साहू, विशेष धमगाये, एएच सिद्दीकी, सुखदेव सिन्हा शामिल हैं।

#### जयस्तंभ चौक में सभा

मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस भी आज प्रचार के अंतिम दिन तीन रैलियां निकालेगी। सुबह करीब 11 बजे शहर के जयस्तंभ चौक से एक रैली निकलेगी, जो नंदई चौक होते हुए वापस जयस्तंभ चौक आएगी। दूसरी दिग्विजय चौक से निकलकर जयस्तंभ चौक पहुंचेगी। तीसरी रैली स्टेशन रोड से निकलकर जयस्तंभ चौक पहुंचेगी। अलग-अलग रास्ते से आकर जयस्तंभ चौक में तीनों मिलेगी। यहीं सभा का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस की सभा दोपहर दो बजे करीब होगी। इस सभा में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के साथ ही सभी वरिष्ठ स्थानीय कांग्रेसी नेता भी शामिल होने वाले हैं।

#### बसपा भी झोंकेगी ताकत

इस लोकसभा चुनाव में बसपा के उम्मीदवार देवलाल सिन्हा मोतीपुर से रामनगर, शंकरपुर, चिखली, स्टेशनपारा, गौरीनगर, लखोली, गंज चौक से नंदई होते हुए बसंतपुर चौक फिर भदौरिया चौक में एक सभा का आयोजन किया गया है।

**भाजपा के रोड-शो में दिखेगी महिला शक्ति :** भाजपा दोपहर साढ़े तीन बजे से गुरुद्वारा चौक से गंज लाईन के मध्य एक रोड-शो करने वाली है। इस रोड-शो में लोकसभा भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के साथ पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, नीलू शर्मा सहित भाजपा के स्थनीय नेताओं की उपस्थिति रहेगी। इस रोड -शो को खास बनाने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को इससे जोड़ा जा रहा है। भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा की महिला कार्यकर्ताओ द्वारा ही रोड-शो का नेतृत्व किया जाएगा। इसके अलावा हर विधानसभा में भी दोपहर को एक रैली निकाली जाएगी।

# जालबांधा में पोस्टर विवाद कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़



जालबांधा में पोस्टर विवाद को लेकर कांग्रेस-भाजपा दोनों ने शिकायत आवेदन देकर कार्रवाई की मांग है। दोनों पक्षों के नेताओं की उपस्थिति के चलते पुलिस चौकी में घंटों काफी गहमा-गहमी रही। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के फोटो को विशेष संप्रदाय का बताते पोस्टर लगाते पांच युवकों को कांग्रेसी पकड़कर पुलिस चौकी ले गए, जहां उनके खिलाफ ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह ने आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं दूसरी ओर कांग्रेसियों के शिकायत आवेदन देकर निकलते ही भाजपा नेता प्रकाश सिंह ठाकुर, सरपंच दीनदयाल सिन्हा, भरत वर्मा, रिखभचंद जैन, अनूपलाल वर्मा सहित अन्य भाजपाईयों ने कांग्रेसियों पर पोस्टर चिपकाने वाले युवकों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते आवेदन दिया है।

मामले में चौकी प्रभारी वीरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि एक नाबालिग सहित चार युवकों को कांग्रेसी लेकर आए थे। पोस्टर में मुद्रक अरिहंत आफसेट प्रिंटर्स रायपुर और प्रकाशक का नाम हिंदू जागरण मंच लिखा हुआ है।

▶▶ शेष पेज 11 पर

#### कार में आया था युवक

मामले में चौकी पहुंचे युवक अशरफ पिता शकील खान, शाहिल पिता जहीर खान, रमजना पिता कलीम खान, कोमल पिता केजाराम साहू सहित एक अन्य नाबालिग ने बताया कि जालबांधा स्टैंड के पास होटल में कार में सवार तापेश नामक युवक ने उन्हें पोस्टर चिपकाने कहा था। उन्हें पोस्टर में क्या छपा है, इसकी जानकारी नहीं थी।

#### पांच सौ रुपए मिलना था मजदूरी


पूर्व सीएम व कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के खिलाफ दुष्प्रचार करने और छवि को नुकसान पहुंचाने वाला पोस्टर बताते हुए ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, चंदन वर्मा, गैंदलाल कुर्रे, रिंकू गुप्ता, गुड्डा बंजारे, अनिल बंजारे सहित अन्य ने बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे के आसपास मोटर साइकिल में पहुंचे युवक नवनिर्मित पानी टंकी में पोस्टर लगा रहे थे। दूर से देखने पर उन्हें लगा कि पोस्टर में विशेष कुछ नहीं है, लेकिन जब पास जाकर देखा तो उसमें कांग्रेस प्रत्याशी को धर्म विशेष की गोल टोपी पहनाकर पेश किया गया है और पीएससी घोटाला, महिलाओं से दुष्कर्म को लेकर सवाल छपा हुआ है। पोस्टर कहां से मिला, किसने दिया नहीं बताने पर उन्हें पुलिस चौकी लेकर जाने पर पता चला कि सभी युवक सरहदी दुर्ग जिले के कौड़िया गांव के रहने वाले हैं और पांच सौ रुपयों की मजदूरी के लालच में वो पोस्टर लगा रहे थे। उन्हें नहीं पता था कि पोस्टर में क्या छपा है।

# हर शुभ मुहूर्त में सैकड़ों शादियां, एडवांस में चार पहिया वाहन बुक, यात्रियों को साधन का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

वैवाहिक मुहूर्त प्रारंभ होने के साथ ही शहर सहित ग्रामीण इलाकों में इन दिनों बडी संख्या में वैवाहिक आयोजन किए जा रहे हैं। आयोजनों में शामिल होने के लिए लोगों की आवाजाही भी बढी हुई है। लिहाजा यात्री वाहनों में भीड उमड रही है।

ज्ञात हो कि अप्रैल माह में गिने-चुने वैवाहिक मुहूर्त हैं। 18 अप्रैल से शुरू हुआ वैवाहिक मुहूर्त 26 अप्रैल तक चलेगा। जिसके चलते इन दिनों शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में वैवाहिक आयोजनों की धूम है। भीषण गर्मी के बीच शहर सहित ग्रामीण इलाकों में इन दिनों हो रहे वैवाहिक आयोजनों में शामिल होने लोगों का आवागमन भी बढा हुआ है। बाजे-गाजे एवं बारात पार्टी में लोगों की व्यस्तता बनी हुई है। अब गिने-चुने वैवाहिक मुहूर्त है। जिसके चलते बडी संख्या में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



#### ग्रामीण इलाकों में वैवाहिक आयोजन अधिक

ज्ञात हो कि गर्मी में ग्रामीण इलाकों में वैवाहिक आयोजन अधिक किए जाते हैं। लिहाजा इन दिनों ग्रामीण इलाकों में सर्वाधिक वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसलिए ग्रामीण इलाकों में आवागमन करने वाले यात्री वाहनों में अधिक भीड देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि मई एवं जून में वैवाहिक मुहूर्त नहीं है, इस वजह से भी इन दिनों पडने वाले मुहूर्त पर ही कई परिवार वैवाहिक आयोजन करने जुटे हुए हैं।

#### बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन में भीड

वैवाहिक मुहूर्तों के चलते लोगों की बढी आवाजाही से यात्री वाहनों में निर्धारित संख्या से अधिक लोगों की सवारियां कराई जा रही है। बताया गया कि कई यात्री वाहन वैवाहिक कार्यक्रम में बुक हो रहे हैं। लिहाजा यात्री वाहनों की भी कमी महसूस की जा रही है। जिसके चलते लोगों को परेशान भी होना पड रहा है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के यात्री वाहन स्थानकों में यात्रियों को वाहनों का इंतजार करते देखा जाने लगा है। खासकर ग्रामीण मार्गों में आवाजाही करने वालों की संख्या अधिक देखी जा रही है। इधर ट्रेनों में भी इन दिनों भीड का माहौल है। स्थानीय रेलवे स्टेशन में इन दिनों भीड का वातावरण निर्मित है।


# वृद्धा की हत्या, कुंए में मिली संदेहास्पद लाश

## घुमका क्षेत्र के ग्राम बिजेतला की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

एक वृद्धा की लाश कुंए में संदेहास्पद स्थिति में मिली। जिससे गांव में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे हत्या का मामला मान रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिजेतला निवासी महिला कांतिबाई साहू उम्र लगभग 65 वर्ष का शव आज सुबह घर के बाडी कुंआ में देखा गया, जिसे ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। इस घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह मामला प्रथम दृष्टया हत्या का लग रहा है। मृतिका के गले एवं चेहरों में गंभीर चोंट के निशान हैं। वहीं महिला के आभूषण भी गायब हैं। फिलहाल पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस इस मामले में संदेहियों एवं अन्य से पूछताछ कर रही है। इधर इस घटना को लेकर गांव में सनसनी फैल गई है।




## राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा: छग में जीतेंगे आठ सीटें

# चुनावी प्रचार में भगवान श्रीराम की तस्वीर लगाकर भाजपा कर रही व्यापार, मोदी की गारंटी फेल: राजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि भाजपा चुनावी प्रचार में भगवान श्रीराम की फोटो लगाकर व्यापार और सौदा कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी भी पूजा-पाठ और मंदिर जाते हैं और उनकी भी आस्था भगवान श्रीराम पर है, लेकिन वे भाजपा जैसे मंदिर जाकर फोटो नहीं खिंचवाते। श्री शुक्ला ने कहा कि देश में भाजपा को 200 से भी कम सीटें मिलेगी। श्री शुक्ला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शाहिद भाई के कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव में ही भाजपा की हालत खराब हो चुकी है। भाजपा अब मोदी की गारंटी की बात नहीं कर रही है, अब हिन्दू-मुस्लिम के जरिये वोट लेने की साजिश में जुट गई है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहीं भी यह उल्लेख नहीं किया है कि हम जेवर और संपत्ति ले लेंगे। भाजपा पूरे देश में अफवाह फैला रही है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नेता उद्धव ठाकरे ने अपने पोस्टर में सिर्फ भवानी शब्द का उपयोग किया था तो निर्वाचन आयोग ने उन्हें नोटिस थमा दी और भाजपा अपने पूरे प्रचार साधनों में भगवान श्रीराम की फोटो लगा रही है, लेकिन निर्वाचन आयोग ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। श्री शुक्ला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बना है। इस निर्णय का कांग्रेस ने भी स्वागत किया है। 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भाजपा ने हाईजेक कर लिया था। जिसके कारण कांग्रेस ने कार्यक्रम से दूरी रखी। उन्होंने कहा कि यह दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। श्री शुक्ला ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की जीत होगी। प्रदेश में आठ सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे।

#### दबाव बनाकर करा रहे भाजपा प्रवेश

राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग कर भाजपा कांग्रेस नेताओं को लगातार भाजपा प्रवेश करा रही है। उन्होंने कहा कि पहले केस बनाते हैं और फिर भाजपा में प्रवेश के बाद केस बंद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि छग में सभी सीनियर नेताओं को मैदान में उतारा गया है और इसका रिजल्ट अच्छा आएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर के नेताओं के सम्मान में कमी आने नहीं दी जाएगी।



## खबर संक्षेप



### छात्र-छात्राओं ने किया प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं हिन्दी विभाग की डॉ. नीता राजपूत एवं नीलम सिन्हा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया। सिलाई केंद्र की संचालिका दीप्ति श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण तीन पालियों में संचालित होता है। यहां विविध कपड़ों की सिलाई करना सिखाया जाता है। यहां माता रानी के पोशाक बनाए जाते हैं। प्रशिक्षण शुल्क मात्र 50 रूपए प्रति माह लिया जाता है। ट्रस्ट समिति के मैनेजर लक्ष्मीचंद गुनी ने सिलाई कढ़ाई के प्रति रुचि हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया।

### तलवार लहराकर डराने वाला गिरफ्तार



**डोंगरगढ़।** लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज आदि पर नजर रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 21 अप्रैल को सूचना मिली कि इंदिरा नगर डोंगरगढ़ निवासी अशोक कुमार मंडावी पिता स्व प्रेमलाल मंडावी रबला चौक के पास धारदार तलवार दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी अशोक कुमार को तलवार लहराकर डराते हुए पकड़ा। आरोपी से एक नग धारदार तलवार को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### सेवानिवृत्त शिक्षक को बिदाई



**घुमका।** प्राथमिक शाला रीवागहन के प्रधानपाठक नंदलाल वर्मा के सेवानिवृत होने पर श्रीफल, शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर बिदाई दी गई। बिदाई समारोह में आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य अंकालूराम मैथिलक्षत्रिय, सुनील वर्मा, माखनलाल साहू, विवेक तिवारी, विजय ठाकुर, थानू यादव, सहदेव बारले, शीला सोनी, उत्तम साहू, पूर्णिमा पटेल, अंजु भगत, सुलोचना वर्मा, गणराज सिंह, प्रभुदास बघेल, राजेश सोनी, प्रिया रामटेके, देवी वर्मा आदि उपस्थित थे।जानकारी के अनुसार श्री वर्मा ने आंवराटोला से शिक्षकीय कार्य प्रारम्भ किया था। उन्होंने 40 वर्ष तक शिक्षा विभाग में अपनी सेवा दी। श्री वर्मा ने कहा कि अब वह समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने की दिशा में काम करेंगे।

### कांग्रेस प्रभारी का आत्मीय स्वागत



**डोंगरगांव।** नगर प्रवास पर पहुंचे कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट से मुलाकात कर कांग्रेसजनों ने स्वागत किया। इस दौरान राजनांदगांव जिला इंका अध्यक्ष भागवत साहू, शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष बीरेंद्र बोरकर, संजय संचेती, पार्षद प्रियंक जैन आदि मौजूद थे।

### प्रचार और जनसंपर्क में झोंकी पूरी ताकत

# मतदान 26 को, एड़ी चोटी का जोर लगा रहे भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता





हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांड़े के समर्थन में साजा विधायक ईश्वर साहू ने सोमवार को छुईखदान मंड़ल के ग्राम बोरई, कुटेली कला, साल्हे कला में पहुंच कर नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। ग्रामीणों ने पहली बार पहुंचे श्री साहू का आत्मीय स्वागत किया। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार में गुंडा राज था किन्तु अब राम राज है। भाजपा दुखी को सहारा और कमजोर लोगों की मदद कर आगे बढ़ाती है।

सभा को पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने भी संबोधित किया। इस सभा में पूरन जंघेल, मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, अवध जंघेल, भावेश कोचर, ललित चोपडा, समारू जंघेल, शत्रुघन साहू, विजय जंघेल, शिव बागस साहू, पन्ना मंडावी, कमलेश साहू, किसन सिलोटिया सहित अन्य शामिल हुए।

### कांग्रेसियों ने झोंकी ताकत

मतदान की तिथि करीब आने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को जिताने कांग्रेसी कार्यकर्ता ऐड़ी चोटी का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस की न्याय योजना को घर घर तक पहुंचाने का प्रयास जारी है। विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, मोतीलाल जंघेल, रामकुमार पटेल, अशोक जंघेल, विजय वर्मा, कामदेव जंघेल, कविता जंघेल, निर्मला वर्मा, ममता पाल सहित अन्य गांव दौरा कर हर बुथ पर अपनी बढ़त बनाने की कोशिश में लगे हैं।

### कांग्रेस का प्रचार अभियान उफान पर

**तुमड़ीबोड़।** कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में जिला इंका उपाध्यक्ष गुलाब वर्मा गांव गांव जाकर भरी दोपहरी में घर-घर दस्तक देकर लोगों को कांग्रेस के वायदों से अवगत करा रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने गत दिनों मचानपार, आरगांव, पेटेश्री में बैठक कर कांग्रेसियों को बूथ जीतने के बारे में बताया। श्री वर्मा कम वोटों के अंतर वाले ग्रामों में ज्यादा फोकस करते हुए जनसंपर्क, चाय पे चर्चा ,डोर टू डोर, हाट बाजार में मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। श्री वर्मा के साथ पाटन के राकेश ठाकुर, मेहुल मारू, राजेंद्र साहू, भुवाल साहू, सोनूराम साहू, गोवर्धन वर्मा, दया साहू, गोवर्धन साहू, द्वारिका यादव, नारायण पारकर, गिरधर, कैलाश निषाद सहित अन्य प्रचार में लगे हैं।

### ग्रामीणों से किया संपर्क

**डोंगरगढ़।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में जुर्लाखुर्द में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने जनसंपर्क किया। इस अवसर पर राम कुमार वर्मा, विनोद बारले और अजय ठाकुर मौजूद थे।

### भाजपा के पक्ष में प्रचार

**छुरिया।** खोभा में शक्ति केंद्र खोभा के प्रभारी धनेश्वर कोर्राम ने मंगलवार को अपने गांव में घर-घर जाकर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान गिरजा बाई कोर्राम, सोनकुवर बाई, दुर्गा बाई, फुलकुंवर बाई, धनवंतिन बाई, मंगलबती बाई, परमा बाई, फुलकैना बाई, धनेश्वरी बाई, किस्मत बाई, रेवती बाई, आशान बाई, अनुसुइया बाई, रामबती बाई, आशा बाई, हेमिन बाई, श्याम बाई, सतरूपा बाई, श्यामा बाई, मंजू बाई, मानकी बाई, खेदिया बाई, मलेश पुरराम, गिलीप मंडावी, विकास मंडावी, लेखराम खुदश्याम एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।





# चोरी छुपे चल रहा सट्टा

■ खाईवालों पर पुलिस की नजर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

अंबागढ़ चौकी सहित जिले के अन्य स्थानों में सट्टा, जुआ, सट्टा-पट्टी आईपीएल का बाजार गर्म है।पूरे जिले में मोबाइल के माध्यम से जुआ चलाया जा रहा है। व्हाट्सएप के माध्यम से एक रुपए का 80 बनाना, क्रिकेट में सेशन, मैच के साथ टॉस में लाखों रुपए लगाया जा रहा है जबकि शासन व प्रशासन सट्टा-जुआ बंद होने का दावा कर रहा है।

जानकारी के अनुसार चाय दुकान, पान दुकान, मोबाइल दुकान एवं अन्य जगहों में बैठकर खाईवाल अपना धंधा बेरोकटोक चला रहे है और पुलिस प्रशासन हाथ में हाथ धरे आमजन को लूटते देख रहा है। अंबागढ़ चौकी शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी खाईवाल के एजेंट सक्रियता के साथ लोगों को एक का अस्सी देने के अलावा आईपीएल सट्टा से पैसे कमाने का लालच देकर लूट रहे हैं।

### यहां से जुड़े तार

अंबागढ़ चौकी खाईवाल के तार छत्तीसगढ़ से लेकर महाराष्ट्र तक जुड़े हुए हैं। महाराष्ट्र के नागपुर और गोंदिया के साथ ही राजनांदगांव, खैरागढ़ तक सट्टा किंग से मिलकर इस धंधे को गति दि रहे हैं। कब होगी कार्रवाई पुलिस प्रशासन लगातार खाईवाल को पकड़ने का दावा कर रहा है किन्तु जमीनी सच्चाई कुछ और है। पूरे जिले में सट्टा खाईवाल न सिर्फ सक्रिय है बल्कि लाखों का खेल कर रहे हैं। देखने वाली बात यह है कि पुलिस प्रशासन इस गोरखधंधे पर अंकुश लगाने खाईवाल को पकड़ता है या फिर मात्र उनके एजेंट को पकड़कर खानापूर्ति करता है।

# भर्रीटोला में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम



**मोहला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एस जयवर्धन के निर्देशानुसार एवं जिला स्वीप नोडल हेमंत ठाकुर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत भर्रीटोला में विकासखंड स्तरीय स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। रैली, मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर बिहान दीदियां, सचिव, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इसी प्रकार इरागांव, जबकसा, खरदी, खड़गांव, तेगर्द, देवकोड़े, अड़जाल, सीतागांव, औंधी, मानपुर, तुमड़ीकसा, बोडेगांव, शारदा, सेमरबांधा फुलकोड़ो, वाको आदि में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# न नोटिस मिली न किसी ने प्रताड़ित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



छिपा सोसायटी के प्रबंधक गोवर्धन वर्मा की आत्महत्या प्रकरण की हकीकत जानने ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा टीम के साथ कातलवाही पहुंचे। उन्होंने परिवार का हाल-चाल को जाना। मृतक के पुत्र तीरथ वर्मा ने बताया कि रोज-रोज नोटिस संबंधी जो समाचार आ रहा है उसमें कोई सच्चाई नही हैं। उन्हे अभी तक नोटिस नहीं मिला है और न किसी ने प्रताड़ित किया है। इस घटना किसी भी नेता का दूर तक संबंध नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हे अब तक अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिली है। श्री सिन्हा ने समिति प्रबंधक के परिवार को क्षतिपूर्ति के रूप में 10 लाख तथा उनके बेटे को अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की है। इस मौके पर कमलेश वर्मा, मोतीराम वर्मा, सामसाय टांडेकर, नरेंद्र ठाकुर, तिलक नंदेश्वर, मोहन साहू, कार्तिक वर्मा, नंदू वर्मा आदि उपस्थित थे।



### भ्रमण कर किया जनसंपर्क

**डोंगरगढ़।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहर भ्रमण करते हुए जनसंपर्क किया। इस रैली में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेन्द्र सिंग बन्नौआना, हरविंदर सिंग मंगे, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रदीप बाघ, अमित जैन, परविंदर सिंग मोन्टी, सुमित मिश्रा, सुनील जैन चीकु, संतोषराव अन्ना, उमा महेश वर्मा, ज्योति बडवाईक, गीता मानिकपुरी, लक्ष्मी यादव, रामसाय डडेसना, अमन जनबंधुर गिरिश साहू, अखिलेश गडेवाल, अजय शर्मा सहित अन्य शामिल हुए।

# जन्मोत्सव में छलका उत्साह, दिखी श्रद्धा

■ शहर में निकली शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



हनुमान जन्मोत्सव शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा के साथ के मनाया गया। हनुमान मंदिरों में हवन, पूजन, रामायण पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। प्रातः हनुमान मंदिरों में भक्तों ने अभिषेक पूजन किया। हनुमान भक्त समिति के तत्वावधान में 3 दिवसीय जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। इसी कडी में गत 21 अप्रैल को बाईक रैली और 22 अप्रैल को शोभायात्रा निकाला गया। स्थानीय महावीर मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा शहर भ्रमण के लिए निकली। हर चौक चौराहे में शोभायात्रा का स्वागत हुआ। शोभायात्रा में अयोध्या के राम मंदिर में स्थापित राम स्वरूप में सुभिश्रा कश्यप, हनुमान के रूप में आहान गुप्ता आकर्षण का केन्द्र रहे। अमृत आर्ट के संचालक अमृत टांक ने दोनो ही बच्चों को मनमोहक रूप देकर वाहवाही बटोरा।

जन्मोत्सव के एक दिन पहले निकली शोभायात्रा का सांसद संतोष पांडे, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेन्द्र सिंग बन्नौआना, हरविंदर सिंग मंगे, प्रदीप बाघ, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, अनिल पांडे, संतोषराव अन्ना, अमित जैन, सुनील जैन चीकु, श्यामु नरेडी, परविंदर सिंग मोंटी, जसमीत बन्नौआना, अनिल अग्रवाल, प्रिंस कक्कड़, ज्योति सोनवानी, गिरीश साहू, रामसाय डडसेना, महेन्द्र अग्रवाल, डॉ. पन्नालाल बाफना, कैलाश सोनवानी, अखिलेश गडेवाल, अजय शर्मा, वीरेन्द्र साहू, विजेन्द्र सिंग ठाकुर, रामाश्रेय, मयंक डोंगरे, अमन जनबंधु, अमित छाबड़ा, सुमित मिश्रा सहित अन्य ने स्वागत किया।

### कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए जरूरी निर्देश

# अफसरों को चुनाव दायित्व से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



कलेक्टर एस जयवर्धन की उपस्थिति में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशासन एवं पुलिस के सेक्टर अधिकारियों की बैठक हुई। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दिवस, एक दिन पूर्व एवं मतदान बाद के दायित्व और गतिविधियों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों से कहा कि अपनी संपूर्ण देख रेख में जिम्मेदारी से मतदान कार्य को संपन्न कराएंगे। उन्होंने बिना तनाव के संपूर्ण निर्वाचन को संपन्न कराने कहा।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी विजेंद्रसिंह पाटले ने सेक्टर अधिकारियों के दायित्व एवं कर्तव्य की जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन एवं पुलिस के सेक्टर अधिकारी संयुक्त रूप से अपने सभी निर्धारित मतदान केंद्रों का अंतिम रुप से निरीक्षण कर लें। मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था का एक बार पुनः मूल्यांकन कर लें।

बैठक में बताया गया कि मतदान दिवस पर सभी सेक्टर अधिकारी मतदान केंद्रों में चल रहे सभी प्रकार की गतिविधियां, कार्यवाही का मुआयना करते हुए कंट्रोल रूम को अनिवार्य रूप से सूचना दें। मतदान केंद्र की सभी गतिविधियों पर नजर रखते हुए निर्वाचन कार्य को संपन्न कराएंगे। बैठक में बताया गया कि सामग्री वितरण के उपरांत सभी मतदान दल एक निश्चित समय पर अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों में उपस्थित हो जाएं। किसी मतदान केंद्र में अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर मतदान केंद्र में तैनात सुरक्षाकर्मी को निर्देशित करते हुए स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। संबंधित घटना की जानकारी अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस विभाग के अनुभाग स्तर के अधिकारी को इसकी सूचना अवश्य दें। अपने पास आरक्षित रिजर्व मशीनों को जरूरत पड़ने पर संबंधित मतदान केंद्र में पहुंचाने में मदद करें। बैठक में यह भी बताया गया कि मतदान दिवस पर मतों की प्रतिशत हर 2 घंटे में कंट्रोल रूम कों सूचना दें। अनिवार्य रूप से यह सुनिश्चित करने कहा गया कि निर्वाचन शाखा से आवंटित गाड़ी से ही आवागमन करें, किसी भी दशा में अपने निजी वाहन का उपयोग नही करने कहा गया। निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही आवागमन करने कहा गया।

### हर कार्य गंभीरता से करें

मतदान दिवस पर मॉकपोल की प्रक्रिया से लेकर वास्तविक मतदान प्रारंभ करने की प्रक्रिया एवं मतदान समाप्ति व सामग्री वापसी तक की सभी गतिविधियों पर किए जाने वाले दायित्व के संबंध में जानकारी दी गई। इसमें यह मुख्य रूप से बताया गया कि मतदान केंद्र में अंतिम व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले मतदान अपने क्षेत्र के किसी एक मतदान केंद्र में अपने समक्ष कराएँगे। मतदान समापवर्ती के उपरांत यह अनिवार्य से सुनिश्चित करने कहा गया कि क्लोज बटन अवश्य दबाया जाये। मतदान समाप्ति के उपरांत वीवीपैड की बैटरी अवश्य निकाली जानी चाहिए। पीठासीन अधिकारियों द्वारा सभी प्रपत्र आवश्यक रूप से भरी होनी चाहिए। बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैड अवश्य सीलिंग होनी चाहिए। मतपत्र लेखा अभ्यर्थियों के अभिकर्ता को अवश्य प्रदान हो एवं मतदाता रजिस्टर भरी होनी चाहिए। बैठक में सभी सेक्टर अधिकारियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने निर्देशित किया गया है। बैठक में एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

### भक्ति भाव से मना हनुमान जन्मोत्सव



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व श्रद्धा भक्ति से मनाया गया। पंडरिया, चकनार, सड़क अतरिया सहित अन्य गांव में स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया तथा भोग लगाया गया। मंदिरों में दिन भर भजन कीर्तन हनुमान चालीसा एवं पाठ का दौर चला। इसी प्रकार झुरानदी में भी जन्मोत्सव के मौके पर ग्रामीण युवकों द्वारा भव्य यात्रा निकाली गई। युवक भगवा पोशाक एवं ध्वज लेकर श्री राम एवं हनुमान के जयकारा के साथ यात्रा पूरे गांव में भ्रमण किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा भी शामिल हुई।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## सभी ने 26 को मतदान करने का लिया संकल्प

**राजनांदगांव।** फिटनेस स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, तो वोट देश की मजबूती के लिए जरूरी है... इसके मद्देनजर पुष्प वाटिका में सुबह स्वीप अंतर्गत फिट राजनांदगांव, फिट वोटर्स, गुड मार्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल, जिपं सीईओ एवं स्वीप नोडल सुरूचि सिंह सहित बड़ी संख्या में नागरिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी को मतदान करने शपथ दिलाई। सभी ने विभिन्न गीतों पर व्यायाम एवं नृत्य किया तथा मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान करने का संकल्प लिया।

**निधन**

### महादास दसारिया

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ विकासखंड



के ग्राम करवारी निवासी महादास दसारिया का मंगलवार को रात्रि में हार्ट अटैक की वजह से आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी निर्मलाबाई दशरिया, सुपुत्र विजय दशरिया, रवि दशरिया सहित भरापूरा परिवार छोड़ गया है।

### कलेक्टर ने सुविधा केंद्र का किया अवलोकन

# डाक मतपत्र से मतदान का आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित सुविधा केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से निर्वाचन करा रहे मतदान अधिकारियों से मतदान के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान करने आए कर्मचारियों से बातचीत भी की। निर्वाचन कार्य में लगे अनिवार्य सेवा मतदाताओं के लिए जिला कार्यालय में बने सुविधा केन्द्र में 22 अप्रैल से मतदान करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान 24 अप्रैल तक किया जाएगा।



**मतदान की सुविधा प्रदान की गई है**

जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 22, 23 एवं 24 अप्रैल को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्र. 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षाकर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य निर्वाचन कार्य में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। जिला कार्यालय में बने सुविधा केन्द्र में लोकसभा चुनाव के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन दायित्व से जुड़े मतदान दलों, सेक्टर आफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा गृह निर्वाचन क्षेत्र से दूर अन्य जिले में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए डाक मतपत्र के जरिये मतदान की सुविधा प्रदाय की गई है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा उपस्थित थे।

# जिले के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी : संतोष पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

कांग्रेस प्रत्याशी के आम सभा का



जवाब भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने रोड शो कर दिया। राजीव चौक से पैदल रैली निकालकर रोड शो किया और अपने पक्ष में मतदान की अपील की। राजीव चौक से मस्जिद मार्ग, गोल बाजार, बख्शी मार्ग होते हुए भाजपा की रैली इतवारी बाजार स्थित शीतला मंदिर पहुंची जहां समर्थकों सहित मतदाताओं ने भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया। मतदान की अपील को लेकर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने धनगांव, चिंगली, जोरातराई, भीमपुरी, बाजार अतरिया सहित ग्रामीण इलाकों में नुक्कड़ नाटक सभा के माध्यम से मतदाताओं के बीच पहुंचे और कांग्रेस पर जमकर आरोप लगाते हुए कहा कि झूठ बोलना कांग्रेस की पुरानी आदत है।

इस दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष घम्मन साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष केशव चंदेल, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, विकेश गुप्ता, रामाधार रजक, राकेश गुप्ता, पिव मोर्चा जिलाध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा, अनूपलाल वर्मा सहित भाजपाई मौजूद थे।

**कांग्रेस का वादा झूठा**

पहले भी प्रदेश की महिलाओं को 5 सौ रूपए महीने देने का वादा कांग्रेस ने किया था, लेकिन यह वादा झूठा निकला और अब एक लाख का फॉर्म भरवा कर झूठ का पुलिंदा बांध रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और जनता का काम सांय-सांय हो रहा हैं। केंद्र में फिर से मोदी सरकार बनने के बाद डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ और राजनांदगांव का बहुमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि घोटालेबाजों से दूर रहकर जनता को अपने और अपने क्षेत्र के विकास के बारे में सोचना होगा। जिंप उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी मतदाताओं को संबोधित किया।

## रक्तदान शिविर आज

**राजनांदगांव।** मानव एकता दिवस का आयोजन संपूर्ण विश्व में 24 अप्रैल को किया जाएगा। संत निरंकारी मंडल के जोगेन्दर सुखीजा ने बताया कि विश्व के विभिन्न स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चेरीटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाएगा। जिसमें मानवता की भलाई हेतु रक्तदाता, रक्तदान कर निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। राजनांदगांव संत निरंकारी मंडल के संयोजक रूपलाल राजवानी की अध्यक्षता में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन लालबाग राजनांदगांव में किया गया है।

## बचपन प्ले स्कूल में इंटर स्कूल ड्राइंग स्पर्धा

**राजनांदगांव।** बचपन प्ले स्कूल राजनांदगांव में इंटरनेशनल वर्ल्ड आर्ट-डे के उपलक्ष्य में 19 अप्रैल को छोटे बच्चों व विद्यार्थियों के लिए उनके कार्यात्मक व रचनात्मक कलाओं के रूपों को निखारने हेतु संस्था द्वारा विशाल स्तर पर इंटर स्कूल ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के प्रत्येक विद्यार्थियों व बच्चों ने उत्साहपूर्वक इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने-अपने कलाओ को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में थीम विषय के अंतर्गत बच्चों ने अपनी चित्रकलाओं का प्रदर्शन किया। जिसमें कक्षा प्री प्राइमरी में सेव ट्री (पेड़ बचाओ) व प्राइमरी कक्षा के बच्चों के लिए सेव एर्थ (धरती बचाओ) के मनमोहक चित्रों को बनाकर अपनी कलाओं को प्रदर्शित किया गया। प्रतियोगिता के चित्रों व कलाओं का निर्णय शहर के प्रमुख चित्रकार आशीष श्रीवास्तव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों नें भाग लिया। शाला के सफल आयोजन के लिए बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर सुनील जैन, राकेश पारख और टीकम सोनी द्वारा विद्यार्थियों को बधाई संदेश भेजा गया और उज्वल भविष्य की कामना दी।

बचपन प्ले स्कूल की प्राचार्य स्मृति द्विवेदी नें बच्चों को उनके सफल प्रयास के लिए बधाई दी तथा आगे होने वाले सभी इंटर स्कूल कार्यक्रम में प्रस्तुति देने विभिन्न शालाओं से आए बच्चों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम के अंत में बचपन प्ले स्कूल की एचओडी निधि दीक्षित ने सभी शालाओं से आए प्रतिभागियों तथा पालकों का आभार प्रदर्शित किया। कार्यक्रम को संचालित करने में ज्योति शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी शिक्षिका स्मृति झा तिवारी द्वारा दी गई।

# भाजपा प्रत्याशी को जिताने गांव-गांव दौरा कर विक्रांत ने की अपील



- केन्द्र में 10 साल का कार्यकाल अभूतपूर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

लोकसभा चुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आने के साथ ही प्रत्याशियों के साथ ही पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में जोर शोर से लगकर गांव-गांव जाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरी, अछोली, चंदेनी व डूंडा व राहुद पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात किया।

इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडये के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि पांच साल में महिलाओं को 500 रुपए नही दे पाने वाले आज एक लाख देने की घोषणा कर रहे है। कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। महिलाओं के साथ छल और विश्वासघात कांग्रेस का रिकॉर्ड रहा है। महिलाओं के लिए जितने भी वादे किए, एक भी वादा पूरा नहीं किया। कांग्रेस की घोषणा देशभर की महिलाओं के साथ भद्दा मजाक है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के केंद्र में दस साल का कार्यकाल अभूतपूर्व रहा है जिसमे कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए है। श्री सिंह ने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में मतदान करने का निवेदन किया।

इस दौरान भाजपा नेता विकेश गुप्ता, संजय शर्मा, केशव चन्देल, नेमसिंग वर्मा सहित बड़ी संख्या मे भाजपाई उपस्थित थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने शहर में जनसंपर्क कर सभा को किया संबोधित, दिया जवाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

चुनाव प्रचार अभियान के तहत शहर में जनसंपर्क करने पहुंचे पूर्व सीएम और कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने राजीव चौक में आयोजित सभा में भाजपा पर जमकर हमला बोला और विभिन्न सभाओं में गृहमंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आरोपों का जवाब दिया। श्री बघेल ने कहा कि उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री हुए पांच माह हो गया है, लेकिन भाजपा की मोदी सरकार को भूपेश बघेल से ही इतना डर है कि वे केवल उन पर राजनीतिक आरोप लगाकर अपनी रोटी सेंकने में लगे हैं। छग में पहुंचने वाले सभी भाजपा नेता केवल भूपेश बघेल के नाम की माला जपकर जनता को बरगलाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले पांच साल की सरकार में उत्साह का वातावरण कायम रहा। खैरागढ़ में भी जिला निर्माण का उत्साह सभी के चेहरे में दिख रहा है जिसे दो घंटे में ही भूपेश सरकार ने पूरा किया था। भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार में किसानों की कर्जमाफी सरकार बनते ही दो घंटे में की गई थी। 68 सीटें देने वाली जनता का पिछले पांच साल की सरकार में हर मांग पूरी की गई। धान खरीदी 15 से 20 क्विंवटल बढ़ाई गई। समर्थन मूल्य वादे के अनुरूप 25 सौ रू किया गया। चार किश्त में बोनस देने से प्रदेश के किसी किसान को साल भर कर्ज लेने की स्थिति नहीं आई। किसानों के साथ श्रमिकों, मजदूरों, भूमिहीनों और बेरोजगारों को राशि देने वाली भूपेश सरकार ही थी। इस दौरान विधायक यशोदा वर्मा, आकाशदीप सिंह, नीलेंद्र शर्मा, मिहिर झा, हरजीत सिंह, मनराखन देवांगन, आरती महोबिया, रविंद्र सिंह गुड्डा, भरत चंद्राकर, पूरन सारथी, नदीम मेमन सहित अन्य मौजूद थे।

**किया जमकर हमला**

सभा में पूर्व सीएम बघेल ने भाजपा के हर आरोपों का जवाब देते कहा कि शराब घोटाले का आरोप लगाने वाली भाजपा की सरकार उसी फैक्ट्री से शराब सप्लाई करवा रही है। पहले घोटाला हुआ तो अब साय सरकार क्यों चुप है दो साल से इसमें मोदी सरकार भी कारवाई नहीं कर पाई। भूपेश बघेल ने गोबर घोटाले को केवल राजनैतिक बताते कहा कि आम लोगों ने गोबर बेचा उसकी राशि उनके खाते में सीधे भुगतान की गई। गाय के नाम पर वोट मांगने वाली भाजपा गौ मांस बेचने वालों से 250 करोड़ का चंदा ले चुकी है। राइस मिल में मिलिंग चार्ज बढ़ाने के आरोप लगाने पर कहा कि मिलिंग चार्ज बढ़ाने के बाद राज्य मे राइस मिलों की संख्या बढ़ी। गौहत्या और तस्करी बढ़ने का आरोप लगाते भूपेश बघेल ने कहा कि तस्करों ने पुलिस आरक्षक को कुचल दिया , लेकिन इसमें कारवाई नहीं हुई। भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे चुनाव के समय ही भूमिपूजन के लिए निकल पड़ते है। रेल का भूमिपूजन हर बार हर साल करते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक दूर से देखने पर भी कही पटरी नही दिखती।

**लापता सांसद से छुटकारा पाने का समय**

चुनावी सभा में भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी को आपने भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजा लेकिन जीतने के बाद उन्होंने अपना चेहरा आप लोगों को नहीं दिखाया। कोरोना की भयावह आपदा में भी सांसद जी गायब रहे। मोदी सरकार ने ट्रेनें रद्द की, लोगों को आने जाने में असुविधा होती रही, लेकिन सांसद संसद में एक शब्द नहीं बोले। ऐसे लापता सांसद से छुटकारा पाने का समय आ गया है और इसके लिए कांग्रेस को जिताना होगा। भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार दस साल के कामकाज पर वोट नहीं मांग रहा है जबकि दस साल सरकार चलाने के बाद बताना चाहिए कि तीसरी बार जनता उन्हें किस आधार पर चुने। महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दे गायब है। महंगाई से जनता की कमर टूट गई है।


## भाजयुमो की विशाल रैली ने की सीएम की अगवानी

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के



पक्ष में सोमवार को शहर में एक के बाद एक चार सभाएं की। उनके यहां पहुंचने पर भाजयुमो के विशाल जुलूस ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री के कारवां के साथ चल रहे युवाओं ने रैली की शक्ल में उनकी अगवानी करते शहर भ्रमण किया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया कि सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव शहर में 4 सभाएं की। देर शाम इस आयोजन में जिला भाजयुमो के पदाधिकारियों सहित शहर के उत्तर-दक्षिण और ग्रामीण मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। भाजयुमो की यह रैली नंदई, लखोली, चिखली और आखिर में मोतीपुर पहुंची। इन स्थानों पर जनसभा में सीएम विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को बहुमत से जीताने की अपील लोगों से की।

## आकर्षण का केन्द्र रही रंगोली



**राजनांदगांव।** श्रीराम नवमी अवसर पर बालाजी मंदिर में पलक शर्मा द्वारा निर्मित रंगोली आकर्षण का केंद्र रही।

**पेज 09 का शेष**

### जालबांधा में पोस्टर...

तत्संबंध में चुनाव आयोग को सूचना दे दी गई है। वहीं विधायक यशोदा वर्मा, सुनीलकांत पांडेय, मनराखन देवांगन, नीलांबर वर्मा, भीखमचंद छाजेड़ सहित अन्य कांग्रेसियों ने जिला निर्वाचन कार्यालय में कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्टर चिपकाने के मामले में पोस्टर चिपकाने वालों के अलावा चिपकाने कहने वालों के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन करने के लिए कार्रवाई की मांग की है।

## प्रतियोगिता में 500 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

# रायपुर ओपन कराते प्रतियोगिता में गायत्री का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

रायपुर के दिशा पब्लिक स्कूल में 13 व 14 अप्रैल को कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जेएलएम गायत्री विद्यापीठ के कराते खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। शाला के कराते प्रशिक्षक जयप्रकाश साहू ने बताया कि इस स्पर्धा में कुल 500 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें शाला के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते 12 स्वर्ण, 6 रजत पदक तथा 6 कांस्य पदक प्राप्त करते कुल 24 पदकों पर कब्जा कर ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त कर शाला और संस्कारधानी को भी गौरवान्वित किया।



खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन पर प्रार्थना सभा में प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल, प्रभारी प्राचार्य अमित उत्तलवार व उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर द्वारा खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र तथा मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। पदक विजेता खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक विजेता मौर्य रजक, अवनी खंडेलवाल, भव्य रजक, खुश चावड़ा, अदिती ठाकुर, रूद्र सराफ, योजस्व साहू, भावेश खरे, गौरव ठाकुर, सिद्धांत मूंदड़ा, सुहानी भिवगढे व गोपिका चौहान। रजत पदक विजेता खिलाड़ियों में याना खंडेलवाल, मोक्ष साहू, लावण्या वैष्णव, अदिती ठाकुर, सिद्धांत मूंदड़ा, आस्था कावरे रही। इसी प्रकार कांस्य पदक विजेता में वारीया टेम्बेकर, खुशाल जायसवाल, मोक्ष साहू, अथर्व साहू, रूद्र सराफ व रोशनी ठाकुर रही।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकांत चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अनिल बाजपेयी, अमित उत्तलवार, रश्मि ठाकुर एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

# समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में आहार नली के कैंसर का सफल ऑपरेशन



**राजनांदगांव।** शहर के बसंतपुर चौक स्थित एनएबीएच मान्यता प्राप्त समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में आहार नली के कैंसर का सफल ऑपरेशन हुआ।

ग्राम बेरला निवासी एक मरीज को काफी दिनों से खाना खाने में दिक्कत रहती थी, इसके चलते मरीज को निश्चित आहार न मिलने की वजह से उसका वजन भी दिनों-दिन कम होता जा रहा था, काफी दिक्कतों के बाद मरीज समदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल आकर अपनी बीमारी को डॉ. रोमिल जैन को बताया। मरीज के जांच करने पर यह पता चला कि उसके आहार नली मे गंभीर कैंसर गठान है। जिसके बाद समदा अस्पताल के डॉ. रोमिल जैन की अगुवाई में 5 घंटे चले ऑपरेशन के बाद कैंसर को निकाला जा सका और पेट से आहार नली के लिए एक नया रस्ता बनाया गया। जिसके बाद मरीज के पूर्ण स्वस्थ होने पर उसे छठवें दिन सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया। उक्त मरीज का इलाज आयुष्मान कार्ड से किया गया।

**गौरवपूर्ण उपलब्धि**

इस सफलता पर समदा अस्पताल के संचालक डॉ. निखर जैन ने बताया कि आहार नली के कैंसर का इलाज छत्तीसगढ़ में सिर्फ कुछ ही जगहों में हो रहा है। जिसमें से एक राजनांदगाव में समदा अस्पताल में यह इलाज किया जाता है। राजनांदगाव शहर में अब आहार नली के कैंसर का यह सफल ऑपरेशन होना समदा अस्पताल के लिए एक बड़ी और गौरवपूर्ण उपलब्धि है। अब तक अस्पताल में दो सौ से अधिक कैंसर के मरीजों का सफल इलाज किया जा चुका है। जिसमें मुंह, पेट, स्तन कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर प्रमुख है। यह समदा अस्पताल द्वारा आम जनता के प्रति पूरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में हर मरीज को उपयुक्त इलाज के साथ पूर्ण स्वास्थ्य लाभ दिया जाना ही पहली प्राथमिकता है। यह जानकारी समदा अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटर आशीष युसुफ द्वारा दी गई।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## सार समाचार

### कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश आज पंडरिया विस में



राजनांदगांव। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पंडरिया विधानसभा के ग्रामों में कल 24 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल पंडरिया विधानसभा के ग्रामों में दोपहर 12 बजे से कुम्ही, पाढ़ी, बदना, कामठी, कोदवा, अमलडीहा, कापादाह, किसुनगढ़ में जनसंपर्क करेंगे।

### मतदान सामग्री संबंधी प्रशिक्षण आज

राजनांदगांव। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों को विधानसभावार मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का 24 अप्रैल को सुबह 7 बजे से स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। विधानसभावार मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बैग में रखकर शराब की अवैध बिक्री, 1 गिरफ्तार

राजनांदगांव। धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर 25 पौवा शोले देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा एसडीओपी दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव, निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव क्षेत्रों में जुआ, शराब, चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते कार्रवाई की जा रही है। थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सूचना के आधार पर टीम गठित कर री-कोनारी चौक के पास ग्राम आरी थाना डोंगरगांव के पास घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। जिसमें धारा- 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी गजेन्द्र कुमार वर्मा 38 साल तेलीटोला टप्पा के पास से काले रंग के एक बैग में रखा शोले देशी प्लेन शराब 25 नग पौवा कीमती रकम 2250 रुपए बिक्री रकम 300 रुपए जुमला रकम 2550 रुपए को जब्त कर कार्रवाई किया गया।



### शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित

# कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में चलाया जा रहा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम राजनांदगांव जिले में कई हफ्तों से जारी है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुरूचि सिंह के निर्देशन में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष स्वीप अभियान चलाकार मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

विशेष स्वीप अभियान के तहत सोमवार को राजनांदगांव शहर के कौरिनभाठा, लखोली और चिखली में स्वीप स्क्वाड द्वारा स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नगर पंचायत डोंगरगांव के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में भी स्वच्छता दीदियों द्वारा स्वीप संगोष्ठी एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है। स्वीप स्क्वाड में जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर निगम के अधिकारी शामिल है। कार्यक्रम में सीएमओ डोंगरगांव, एबीईओ रश्मि ठाकुर का भी सहयोग रहा।



#### कम मतदान होने के कारणों का किया विश्लेषण

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि कम मतदान वाले क्षेत्रों में कम मतदान होने के कारणों का विश्लेषण किया गया है। विश्लेषण के बाद संबंधित जनपद सीईओ और सीएमओ से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में सुझाव लिए गए। कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने विशेष स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों में स्वीप स्क्वाड द्वारा मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझाया जा रहा है और मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने प्रेरित किया जा रहा है।

### अनीस ने किया खुज्जी विधानसभा में प्रचार



राजनांदगांव। कांग्रेस अल्प संख्यक विभाग के प्रदेश सचिव अनीस खान ने मंगलवार को खुज्जी विधानसभा के उमरवाही क्षेत्र में सभा लेकर कांगेस पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में प्रचार-प्रसार किया व रैली निकालकर जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की।

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के उमरवाही में प्रदेश सचिव अनीस खान ने सभा ली। जिसमें ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल भाई, पूर्व गौ सेवा आयोग उपाध्यक्ष मन्ना यादव, महामंत्री गिरीश सोनवानी, ब्लॉक अध्यक्ष मंचस्थ थे। स्वागत उपरांत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अनीस खान द्वारा वरिष्ठ कांग्रेसजनों व कार्यकर्ताओं को गांधी टोपी और कांग्रेस का बिल्ला लगाकर सम्मान किया।

# बघेल ने चुनिंदा उद्योगपतियों को पहुंचाया लाभ : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस के पूर्व प्रभारी महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने प्रेसवार्ता लेते कहा कि उन्होंने पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल का फिर से एक बड़ा घोटाला उजागर किया है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के दौरान कैसे छत्तीसगढ़ के गरीबों का हक मारकर छत्तीसगढ़ के चुनिंदा उद्योगपतियों का इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी, जल कर जो दस साल से लंबित था, जिसे रमन सिंह सरकार ने पकड़ा था और दंडित किया था, उसका पुनरीक्षण कर जो उनकी क्षेत्र अधिकार के बाहर था, फर्जी उद्योग सचिव अनिल टूटेजा के माध्यम से हजारों करोड़



माफ किया गया। छत्तीसगढ़ की जनता का हक और विकास कार्यों में डकैती डाली, इस राशि को माफ करने की एवज में भूपेश बघेल ने स्वयं हजारों-करोड़ों का कमीशन खाया।

श्री शुक्ला ने पूछा कि भूपेश बघेल इस विषय पर चुप्पी तोड़ेंगे क्या? भूपेश बघेल बताए आखिर उन्होंने चुनिंदा लोगों को फायदा पहुंचाने छत्तीसगढ़ की गरीब जनता का हक क्यों मारा? इस घटना से यह पूर्णता स्पष्ट है कि भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के गरीबों के साथ ही नहीं, बल्कि उद्योगपतियों के साथ हैं। श्री शुक्ला ने विस्तार से बताया कि 3 जून 2019 को अनिल टूटेजा ने, जो संयुक्त सचिव के रूप में वाणिज्य एवं उद्योग का चार्ज लिया, इनकी नियुक्ति फर्जी थी, क्योंकि ये कैडर पोस्ट है, इसकी नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग से होती है और वो ज्वाइंट सेक्टरी इस पद हेतु अयोग्य है, फिर भी चार साल तक उक्त पदों में रहे, मगर सामान्य प्रशासन विभाग की अनुमति दी तथा सैकड़ों फर्जी एनओयू किया तथा कानूनों में संशोधन करवाकर सिर्फ-सिर्फ उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया।

### एनएसयूआई कर रही भूपेश के पक्ष में प्रचार



राजनांदगांव। एनएसयूआई के प्रदेश संयुक्त महासचिव राजा यादव ने कहा कि एनएसयूआई छात्र संगठन के पदाधिकारी जिले के सभी महाविद्यालयों में जाकर कैंपेनिंग कर रहे हैं। छात्रों को जब प्रदेश में कांग्रेस सरकार थी, तो उनके द्वारा छात्रों के लिए किए गए कार्यों की जानकारी भी दे रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि फर्स्ट टाइम वोटरों की संख्या राजनांदगांव लोकसभा में बहुत अधिक है। छात्रों से मिलकर कांग्रेस के घोषणा पत्र की जानकारी दे रहे हैं और लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल को ज्यादा से ज्यादा वोट से जीताने की अपील भी कर रहे हैं।







# भाजपाई निर्वाचन को दूषित करने आमादा है : कांग्रेस

- गृहमंत्री के संज्ञान में आने के बाद भी कार्रवाई न होना दुर्भाग्यजनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल पर व्यक्तिगत आरोप लगाकर भाजपा अपनी कुत्सित मानसिकता से लगातार आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। भूपेश बघेल के निर्वाचन अभिकर्ता गिरीश देवांगन ने भाजपा द्वारा सोशल मीडिया में अनर्गल पोस्ट डालकर वर्गों के बीच शत्रुता पैदा करने कवर्धा की घटना को लेकर शिकायत की है। उनका कहना है कि वहां भाजपाईयों पर धार्मिक उन्माद के मामले दर्ज हुए, अब वहां कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर व्यक्तिगत अभद्र टिप्पणी के साथ उनके फोटोयुक्त पोस्टरचस्पा कर निर्वाचन को दूषित करने का काम भाजपाईयों के संरक्षण में हो रहे हैं, जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी की मौन सहमति भी दर्शित हो रहा है।

श्री देवांगन ने कहा कि सबसे दुर्भाग्यजनक बात यह है कि कवर्धा के चौक-चौराहा में लगातार पोस्टर लगाने का कार्य चलता रहा और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा के संज्ञान में आने के बाद भी वे स्थल पर रूके, लेकिन जिनके द्वारा यह कृत्य किया जा रहा था, उन पर किसी प्रकार का कोई कार्रवाई न होना अपने आप में निर्वाचन की निष्पक्षता को पूरी तरह से दूषित करती है और ऐसी स्थिति में कभी भी अप्रिय घटना से इन्कार नहीं कर सकता। कवर्धा में जिस प्रकार से अभद्र पोस्टर लगाए गए, उसके बाद उनके हौसले इतने बुलंद हो गए कि राजनांदगांव शहर के स्टेशनपारा और गौरी नगर क्षेत्र में भी लगाना प्रारंभ हो गया, लेकिन वार्डवासियों के विरोध के बाद लड़के वहां से फरार हो गए।

# सौम्या पर मौन रहकर भूपेश ने भ्रष्टाचार स्वीकारा : भरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने आज शाम पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय महाजनवाड़ी में आयोजित पत्रकारवार्ता में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर तीखा हमला करते कहा कि पूर्व अधिकारी सौम्या चौरसिया की गिरफ्तारी पर वे खामोश क्यों है? बार-बार सौम्या चौरसिया की जमानत रद्द हो रही है, वह आपकी उपसचिव रही है, ऐसे यह संभव ही नहीं है कि इस भ्रष्टाचार में आप लिप्त नहीं हैं।

श्री वर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल बताए कि छत्तीसगढ़ की गरीब जनता से हुई लूट में कितना प्रतिशत भूपेश बघेल का है और कितना प्रतिशत सौम्या का? चाहे नवाज खान हो या सौम्या चौरसिया या फिर अनिल टूटेजा या फिर विनोद वर्मा या आपके विभाग के अधिकारी समीर विश्नोई ये सभी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में या तो जेल में हैं या तो बेल पर और इनसे आपका सीधा संबंध रहा है तो क्या आप इन सबके ऊपर लगे आरोपों में हिस्सेदार नहीं हैं। अगर हिस्सेदारी नहीं है तो इन सबकी वकालत क्यों की, लगातार आपके बयान आते रहे कि आप इनके साथ में खड़े रहे, जब शुरूआती दौर में सौम्या चौरसिया, समीर विश्नोई की गिरफ्तारी हुई, तब आपने चीख-चीख कर उनके निर्दोष होने के दावे किए, लेकिन आज लगभग 16 से 18 महीने हो गए, उन्हें कोर्ट ने जमानत नहीं दी है, अब मौन क्यों हैं?

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही, ठाकुर निलंबित

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने निर्वाचन कर्तव्य में उपस्थित नहीं होने पर कार्यपालन अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उप संभाग राजनांदगांव के सहायक ग्रेड-3 मनीष ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 मनीष ठाकुर की सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का डेशबोर्ड में सतत निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए ड्यूटी लगाई गई थी, परन्तु श्री ठाकुर लगातार अपने कर्तव्य में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। उन्हें कर्तव्य में अनुपस्थिति के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, परन्तु श्री ठाकुर द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही कर्तव्य पर उपस्थित हुए। यह कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आने के कारण और निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को बाधित करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# कॉलेज में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

राजनांदगांव। शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में रासेयो इकाई के तत्वावधान में 22 अप्रैल को प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत 'विश्व पृथ्वी दिवस' मनाया गया।

डॉ. बघेल ने सभा को संबोधित करते कहा कि सन-1970 से पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। हर साल करोड़ों लोग मनाते हैं, इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यह है कि पृथ्वी को प्रदूषण से बचाया जाए, पेड़ों की कटाई से रोका जाए, पृथ्वी अधिक हरी-भरी, सुरक्षित और रहने योग्य बनाया जाए, प्लास्टिक का उपयोग कम से कम हो, प्लास्टिक रंगीन, मनभावन व हल्का जरूर होता है, पर इसका दुष्प्रभाव अधिक देखने को मिल रहा है। हम धरती को सुरक्षित, साफ व हरा-भरा बनाने में अपना योगदान दें। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि धरती का स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो हम भी स्वस्थ रहेंगे। वर्तमान में दिनों-दिन पेड़-पौधों की कटाई जोरो पर है, अशुद्ध होता हवा, पानी व जैव विविधता में कमी नजर आ रही है। धरा नहीं हो तो सब कुछ धरा ही रह जाएगा, अच्छी सेहत के बिना इंसान के लिए कोई सुविधा, कोई तरक्की मायने नहीं रखती।

# तीसरी रेलवे लाइन कार्य से प्रभावित चलेगी कुछ ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दक्षिण मध्य रेलवे सिकंदराबाद रेल मंडल के काजीपेट जं-कोंडापल्ली सेक्शन एवं विजयवाड़ा रेल मंडल के विजयवाड़ा -गोधरा जं के बीच तीसरी रेलवे लाईन का कार्य जाएगा, इसलिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 1, 4, 8, 11, 15, 18 एवं 22 मई को कोरबा से चलने वाली 22647 कोरबा-कोचुवेलि एक्सप्रेस तथा विपरीत दिशा में 29 अप्रैल, 2, 6, 9, 13, 16 एवं 20 मई को कोचुवेलि से चलने वाली 22648 कोचुवेलि-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियाँ

28 अप्रैल, 9, 15 एवं 21 मई को विशाखापटनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 20805 विशाखापटनम-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी । 28 अप्रैल, 09, 15 एवं 21 मई को नई



दिल्ली चलने वाली गाड़ी संख्या 20806 नई दिल्ली- विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी ।

2, 9 एवं 16 मई को विशाखापटनम से चलने वाली 20803 विशाखापटनम-गांधीधाम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी । 28 अप्रैल, 5 एवं 19 मई, को गांधीधाम से चलने वाली 20804 गांधीधाम-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी। पुरी से चलने वाली 20819 पुरी-ओखा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी। 1, 8 एवं 15 मई को ओखा से चलने वाली 20820 ओखा-पुरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी ।

29 अप्रैल, 3, 6, 10, 17 एवं 20 मई को विशाखापटनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 12803 विशाखापटनम-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी । 28 अप्रैल, 1, 5, 8, 15 एवं 19 मई को निज़ामुद्दीन से चलने वाली गाड़ी संख्या 12804 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी ।



### जिले के 6 लाख नागरिकों ने 4 किलोमीटर कपड़े में हस्ताक्षर कर 26 अप्रैल को मतदान का दिया अनोखा संदेश

# कबीरधाम जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए अनोखा हस्ताक्षर महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लोकतंत्र के महापर्व में कबीरधाम जिले के सभी ग्रामों के मतदाताओं को एक सूत्र में बांधते हुए शत-प्रतिशत मतदान के लिए अनोखा हस्ताक्षर महाअभियान चलाकर जोड़ा गया। हस्ताक्षर अभियान में जिले के लगभग 6 लाख नागरिकों ने 4 किलोमीटर कपड़े में हस्ताक्षर कर 26 अप्रैल को मतदान के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने आज स्वामी करपात्री जी आउटडोर स्टेडियम में हस्ताक्षर अभियान का समापन किया। इस आभियान के तहत जिले के सभी गांव में पहुंचकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

इसके लिए प्रत्येक गांव में कपड़े पर उन गांव के मतदाताओं ने हस्ताक्षर किया। इसके बाद सभी गांव के मतदाताओं द्वारा हस्ताक्षर किए गए कपड़े को जोड़ा गया। जोड़ने के बाद इन हस्ताक्षर किए गए कपड़े की लंबाई लगभग 4 किलो मीटर है। इस महाअभियान में जिले के सभी गांव के मतदाताओं ने हस्ताक्षर कर यह संदेश दिया की इस लोकतंत्र के पर्व में हम सब काम छोड़कर पहले मतदान करने की जिम्मेदारी को निभाएंगे। मतदाताओं के हस्ताक्षर यह प्रमाण है कि लोग अब जागरूक हो गए है और अपने मत का प्रयोग आगामी 26 अप्रैल को करेंगे।

**हस्ताक्षर अभियान में भाग लेने वाले मतदाता मतदान जरूर करें: श्री महोबे**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने कहा कि हस्ताक्षर महाअभियान में जिले के सभी गांव के लगभग 6 लाख लोगों ने भाग लिया है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि 26 अप्रैल के दिन सभी मतदाता मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान जरूर करे और इस लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बने। इसके साथ ही आसपास के सभी नागरिकों को इसके लिए जागरूक भी करें।

हस्ताक्षर महाअभियान समापन के दौरान जिला पंचायत सीईओ स्वीप नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। वही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने विगत 02 अप्रैल 2024 को कवर्धा के स्वामी करपात्री जी आउटडोर स्टेडियम से हस्ताक्षर महाअभियान की शुरुआत की थी। इस महाअभियान में जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई सहित उपस्थित हजारों युवा, अधिकारी-कर्मचारी ने भी हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया था। जिसके बाद सभी गांवों में इस अभियान को चलाया गया और लगभग 20 दिनों के बाद आज इस महा अभियान का समापन किया गया। आज हस्ताक्षर महाअभियान समापन के दौरान हस्ताक्षर किए गए 4 किलोमीटर के कपड़ों का ग्राउंड में गोला बनाकर प्रदर्शित कर वृहत स्तर पर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महोबे ने उपस्थित सभी नागरिकों को स्वतंत्र, निर्भीक और निष्पक्ष होकर मतदान में भाग लेते हुए शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने की शपथ दिलाई।

उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने जिले के नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 के अंतर्गत कबीरधाम जिले में लोकसभा निर्वाचन में 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित किए जा रहे है। जिसके माध्यम से गांव-गांव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसके तहत हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी जोन, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक और नव वधु मतदाताओं का सम्मान घर आजा संगी जैसे पहल से दूसरे प्रांतों में गए स्थानीय श्रमिकों को मतदान के लिए बुलाना, रैली सहित विभिन्न प्रतियोगिता भी आयोजित किए जा रहे है। जिसमें मतदाता उत्साह से भाग ले रहे है।

इस अवसर पर सहायक संचालक एमके गुप्ता, उप संचालक पंचायत बी एल राज सहित अधिकारी कर्मचारी और युवा उपस्थित थे।

# हथमुड़ी में शतचंडी महायज्ञ व रामकथा का भव्य आयोजन, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

कुण्डा समीपस्थ ग्राम पंचायत हथमुड़ी में श्री सतचंडी महायज्ञ एवं श्री रामकथा का आयोजन प्रभु कृपा सेवा समिति महामाया समिति के साथ ही साथ समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से महायज्ञ का आयोजन किया गया है, जिसका कलश यात्रा चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी शनिवार को हुआ, कलश यात्रा पंचांग पूजन मंडप प्रवेश के बाद ग्रामवासी श्रद्धा भाव से बढ़-चढ़कर आनंद पूर्वक श्रोतागण एवं श्रद्धालुओं का सेवा में लगे हुए हैं यज्ञ में श्री रामकथा के प्रवचनकर्ता श्री श्री 108 श्री मायापुरी परमहंस महाराज जूना अखाड़ा काशी बनारस एवं विद्या दुबे चित्रकूट कामत गिरी एवं यज्ञ आचार्य आशीष कृष्णाचार्य महाराज, लगरा मुंगेली ग्राम आचार्य सुशील शर्मा बसनी, सागर तिवारी पेंड्रीकला तथा मुख्य यजमान उमेश चंद्रवंशी, श्रीमती शौरी चंद्रवंशी है, रामकथा के चतुर्थ दिवस में प्रवाचिका विद्या दुबे ने भगवान श्री रामचंद्र के अनन्य भक्त हनुमान लला के प्रगटोत्स के उपलक्ष में हनुमान जी महाराज के जीवन चरित्र पर एवं उनके इस धरती पर अवतरण होने के हेतु पर अद्वितीय प्रकाश डाला साथ ही साथ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हम नूतन वर्ष के रूप में क्यों मनाते हैं कैसे मनाना चाहिए एवं आग्ल भाषा के नववर्ष और वैदिक नव वर्ष में बहुत ही सुंदर विस्तृत व्याख्या करते हुए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के महत्व को प्रकाशित किया श्री चंडी महायज्ञ एवं राम कथा में ग्राम पंचायत हथमुड़ी सरपंच श्रीमती गायत्री देवी चंद्रवंशी प्रतिनिधि बालमुकुंद चंद्रवंशी के साथ ही साथ ग्राम के समस्त वरिष्ठ जनों का श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग है प्रभु कृपा सेवा समिति के सदस्यों में से चंद्रिका चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, शिव कुमार, चंद्रवंशी का विशेष सहयोग कार्यक्रम को प्राप्त हो रहा है, श्री चंडी महायज्ञ तृतीय वर्ष के रूप में पूर्णहुती के रूप में आयोजित किया गया है।

इसके पूर्व कोरोना कालखंड के पहले सन 2018-19 में यज्ञ आयोजित कर शासन एवं समय के नाजुक्ता को देखते हुए कुछ समय के लिए विराम दिया गया था। जिसे आज ग्राम वासियों के द्वारा श्रद्धामय भक्तिमय भावना से आयोजित किया गया है, यज्ञ के प्रारंभ में ग्राम के युवाओं के द्वारा डीजे के माध्यम से साथ ही राम नाम संकीर्तन करते हुए कलश यात्रा निकाला गया। जिसमें समस्त युवा वर्ग के भाइयों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तचंडी महायज्ञ व श्री रामकथा के आयोजन से ग्राम हथमुड़ी में श्रद्धामय भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। कार्यक्रम का सफल संचालन शिवकुमार चंद्रवंशी के द्वारा किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### पिपरिया में मनायी गई हनुमान जंयती जन्मोत्सव



**पिपरिया।** नगर पिपरिया बड़े बाजार में आज श्रीराम भक्त संकटमोचक, पवनपुत्र, महाबली श्री हनुमान जी की जन्मोत्सव पर बड़े बाजार स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर मानस मंडली द्वारा चौबीस घंटे के अखंड रामायण पाठ रखा गया। तत्पश्चात महावीर सेवा समिति, बड़े बाजार पिपरिया द्वारा खीर पूरी, सब्जी का प्रसाद वितरण किया गया। वही सैकड़ों लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया। उक्त अवसर पर पं कृष्णकान्त शर्मा, भागवत साहू, गैंद लाल केसरी, तुकाराम साहू, झगराम साहू, राधे लाल साहू, सुन्दर साहू, युगेंद्र निर्मलकर, लीला राम जायसवाल, कन्हैया निर्मलकर, शिव साहू, कृष्णा साहू, केशव साहू सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्यों ने सहयोग प्रदान किये।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय तांत्रिक बाबा)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

# हनुमान जन्मोत्सव पर संगीतमय रामायण पाठ से हुआ भक्तिमय माहौल

- हवन-पूजन कर लोगों ने की मंगलकामना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडातराई



जगह-जगह हनुमान चालीसा व सुंदरकांड के पाठ के साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिरों में दर्शन-पूजन को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। पुतकी में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में आयोजन बहुत ही भव्य रहा प्रातः से ही श्रद्धालुओं का भीड़ देखने को मिल रहा था, वहीं भोरमदेव पब्लिक स्कूल के पाठक ने बताया कि स्कूल स्टाफ एवं बच्चों के द्वारा राम नाम का जाप मंदिर में किया गया एवं 11 किलो लड्डू का प्रसाद चढ़कर वितरण किया गया। वही भक्तों के बीच नगर पंचायत पांडातराई में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। और भक्तों के द्वारा भगवान संकट मोचन का प्रसाद बहुत ही आनंद से खाते नजर आए वही नगर पंचायत सहित आसपास के क्षेत्र की ग्रामीणजन हनुमान के भक्ति में लीन नजर आया।

## मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का लेकर एसपी ने अफसरों से की चर्चा



**हरिभूमि कवर्धा।** डॉ अभिषेक पल्लव, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम ने 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन को पूर्ण रूप से निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन करने व निर्वाचन भय मुक्त वातावरण स्वतंत्र, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न किए जाने के लिए बाहर से आये हुए केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल एवं राज्य सशस्त्र बल के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में विकास कुमार भापुसे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुष्पेन्द्र बघेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम ने उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिला कबीरधाम की भौगोलिक परिदृश्य से अवगत कराते हुए सीमावर्ती क्षेत्र में हो रहे माओवादी गतिविधियों एवं चल रहे नक्सल अभियान के संबंध में अवगत कराया गया तथा उक्त क्षेत्र में ऐरिया डामिनेशन तथा वल्नरेबल क्षेत्रों का अधिक से अधिक भ्रमण, मतदान केन्द्रों में लगने वाले सुरक्षा बल के प्रशिक्षण व संवेदनशील मतदान केन्द्रों तथा एक ही भवन पर तीन या तीन से अधिक स्थापित मतदान केन्द्रों पर पैरामिलिट्री फोर्स की जानकारी दिया गया तथा पैरामिलिट्री फोर्स के रुकने की व्यवस्था के बारे में बताया गया। मतदान के दिन पोल-डे पर पुलिस के डिप्लॉयमेंट प्लान अनुसार मतदान पार्टी, पुलिस मोबाइल पार्टी, क्यूआरटी सुपरवाइजरी अधिकारी के मूवमेंट एवं मतदान पार्टी को मतदान उपरांत इव्हीएम को स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित जमा कराने के लिए तैयार किये गये रूट प्लान तथा कम्युनिकेशन के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। उक्त बैठक में संजय तिवारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला, प्रतीक चर्तुवेदी उप पुलिस अधीक्षक अजाक, सतीश ध्रुव उप पुलिस अधीक्षक नक्सल, श्रीमती मोनिका सिंह परिहार उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह एवं जिला के समस्त थाना एवं पुलिस चौकी प्रभारी तथा जिला संचालित सभी पुलिस कैम्प प्रभारी और केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल एवं राज्य सशस्त्र बल के अधिकारी गण उपस्थित थें।

# कार्यकर्ताओं के साथ किया हनुमान चालीसा पाठ भाजपा की जीत के लिए जनता से मांगा आशीर्वाद

### भाजपा का हर कार्यकर्ता समर्पण भाव से काम कर रहा : भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी और कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर भाजपा की जीत की कामना कर जनता से समर्थन व आशीर्वाद मांगा। उड़ियाखुर्द, कारेसरा, हथलेवा, गोछिया, बगदई, ढोरली, दरिगंवा, पटपर, ढोढमा नवापारा, बीजा बैरागी, मजगांव और झाडूटोला में जनसंपर्क कर क्षेत्रवासियों को नरेंद्र मोदी की योजनाओं और विष्णु देव सरकार के कार्यों के बारे में जानकारी देकर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर ढोढमा नवापारा में भावना बोहरा ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया और सभी को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ-साथ ग्रामवासियों ने भी हनुमान चालीसा का पाठ किया और तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पवनपुत्र का समर्पण भाव समस्त रामभक्तों के लिए सदैव प्रेरणाशक्ति बना रहेगा। उनकी कृपा से भारत के प्रधानमंत्री विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा के साथ आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहें हैं। प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी कृपा और आशीर्वाद हम सभी के साथ हैं और लोकसभा चुनाव में हनुमान जी और जनता के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर हम जीत का परचम जरुर लहरायेंगे और तीसरी बार मोदी सरकार बनाएंगे।

500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद इस वर्ष रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर देश में एक अलग ही उत्साह और आनंद दिखाई दे रहा है।

इस उत्साह और आनंद की वजह अयोध्या में निर्मित राम लला के भव्य-नव्य-दिव्य मंदिर का निर्माण है जिसके लिए नरेंद्र मोदी के साथ करोड़ों कार्यकर्ता, देशवासी और कारसेवक समर्पित रहे।

### अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हम जरुर पूरा करेंगे: विधायक

भावना बोहरा ने कहा कि आज हम सभी ने इस उत्सव को भव्य बनाने के लिए यहां हनुमान चालीसा का पाठ भी किया, जिसमें कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र की जनता का भी अपार उत्साह देखने को मिला। प्रभु श्रीराम के प्रति जनमानस में आस्था और हनुमान जी के प्रति उनकी निष्ठा से अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हम जरुर पूरा करेंगे और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए भारत को निरन्तर विकास पथ पर गतिमान करेंगे। अयोध्या में निर्मित राम मंदिर हमारे लिए आस्था का वह केंद्र बिंदु है जिसके लिए स्व अटल से लेकर लाल कृष्ण आडवानी ने हमेशा प्रयास किया और आज उनके मार्गदर्शन एवं संकल्पों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी का जीवन आज भी हमें भारत की विकास यात्रा में प्रेरणा देते हैं। जब लक्ष्मण पर संकट आया तब हनुमान जी पूरा पर्वत ही उठाकर ले आए। आज भारत समंदर जैसी विशाल चुनौतियों को पार करने और उनका मुकाबला करने में पहले से ज्यादा सक्षम है। हनुमान जी के पास असीम शक्ति है लेकिन इस शक्ति का इस्तेमाल वो तभी कर पाते हैं जब स्वयं पर से उनका संदेह समाप्त हो जाता है। 2014 से पहले भारत की भी यही स्थिति थी,लेकिन आज भारत बजरंगबली की तरह अपने भीतर समाहित शक्तियों का आभास कर चुका है और लगातार प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है।

### हनुमान जन्मोत्सव के उत्सव पर किया प्रसाद वितरण

# कोलेगांव में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम में आज हनुमान जयंती दामापुर विद्युत वितरण केंद्र के अन्तर्गत कोलेगांव सब स्टेशन में हनुमान जयंती बिजली कर्मचारियों के द्वार बड़ी हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। वही पंडित के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर सत्यनारायण का कथा कर हनुमान जी का पूजा पाठ करवाया गया और साथ ही साथ श्री राम जानकी मंदिर ब्राह्मण पारा हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें हनुमान भक्त के द्वारा श्री रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा पढ़ कर हनुमान जी से अपने घर परिवार के सुख शांति समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा और हनुमान भक्तों के द्वारा प्रसाद वितरण का भी आयोजन रखा गया था हनुमान बाबा भोलेनाथ के 11 अवतार के रूप में माने जाते हैं हनुमान श्री रामचंद्र के भक्त थे श्री राम के बिना हनुमान नहीं रहते थे और हनुमान के बिना राम नहीं रहते थे जिसमें सहायक अभियंता मनीष कुमार अग्रवाल, कनिष्ठ अभियंता सत्यम मरावी,एवं लाइनमैन के. विजय, दिनेश राठौर, योगेश्वर यादव, दिलीप सूर्यवंशी, हेमन्त धुर्वे, लव कुमार साहू, हेमन्त कुमार साहू, अन्तेश कुमार, विजेंद्र कुमार, वेद लाल सोनवानी, साहेब दास, सालिकराम, रामू साहू, सुरेश साहू, पुरषोत्तम, नरेश, दिनेश यादव, मनोज, दिनेश पांडेय सहित समस्त बिजली विभाग की कर्मचारी गण उपस्थित थें।

### गांव-गांव मे मनायी गई हनुमान जयंती

हनुमान जंयती मंगलवार को पढाने के कारण और भी अधिक प्रभावशील रहा इसलिए गांव गांव में जहा भी हनुमान जी की मुर्ती स्थिपित थी वहां ग्रामोंणों नें हनुमान चालीसा के पाठ के साथ पूजा आर्चना कर बंदन के चोला भी चढाए और भोग भंडरे का आयोजन कर प्रसादी वितरण की कुण्डा के आप-पास के ग्रामीण ग्राम रापा, दुल्लापुर,रवेली, सैहामालगी,रूसे,भगतपुर,पथर्रा, कोलेगांव, बसनी, के मंदिरों में भव्य हनुमान जंयती मनाया गया।



### प्रचार प्रसार के दौरान पहुंचे पांडातराई भूपेश की धर्म पत्नि श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल

**हरिभूमि पांडातराई।** लोकसभा राजनांदगांव प्रत्याशी भूपेश बघेल के प्रचार प्रसार में पांडातराई पहुंचे श्री बघेल की धर्म पत्नि श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल व उनके सुपुत्री श्रीमती स्मिता बघेल, पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, राजेन्द्र मारकंडे, प्रदीप चंद्राकर, सविता पाटस्कर, पुष्कर लहंगीर, रामवतार,ने पांडातराई के वार्डो घुमकर कांग्रेस के पक्ष में व्यापक प्रचार प्रसार किया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### उत्तीर्ण करने रुपए मांगे तो समझें कॉल फर्जी

**कवर्धा।** मैं माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड आफिस से बोल रहा हूं, आपकी बेटी-बेटा का नाम फलां है, उसका रोल नंबर फला है। यह 2 विषय में फेल है। यदि पास कराना है तो रुपए लगेंगे। यदि राजी है तो इस नंबर पर फोन-पे कर दें। कुछ ऐसे फर्जी कॉल लगातार छात्रों के पालकों के पास आ रहे हैं। जिले में इस तरह का मामला आया है। कई पालक इनके झांसे में आ चुके हैं। ऐसे में इस तरह के फर्जी कॉल से सावधान रहें। फर्जी काल की जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों तक पहुंच गई है। माशिमं ने भी इसे फेक कॉल बताकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही है।

# भीषण गर्मी में सूख रहे तालाब, गिर रहा जल स्तर, बढ़ सकती है निस्तारी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/कोलेगांव

जैसे-जैसे ग्रीष्म ऋतु अपनी प्रचण्डता दिखाना शुरू कर रही है अंचल में जमीन के ऊपर से लेकर नीचे तक पानी गायब होते जा रहा है। हालांकि फिलहाल स्थिति इतनी भंयकर नहीं है लेकिन जिस गति से जमीन के ऊपर से लेकर नीचे तक का पानी लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहा है उसे देखते हुए इस बात की पूरी संभावना है कि आने वाले मई, जून के महिनों में पानी के लिए त्राही-त्राही मचना निश्चित है।

उल्लेखनीय है कि जिले में इस बार का मानसून समान्य रहा है और अंचल के जलाशय, नदी, तालाब सहित दूसरे जल स्त्रोतों का भराव भी हुआ है। लेकिन वर्षाकाल में जिले के कई ईलाकों में अल्प एवं खण्ड वर्षा के चलते जल स्तर इतना नहीं बढ़ पाया है कि ग्रीष्म ऋतु में इसका पर्याप्त दोहन किया जा सके। यही वजह है कि इस बार अप्रैल महिने से ही पड़ रही भीषण तपिश के चलते अंचल के नदी, तालाबों से पानी तेजी से गायब होते जा रहा है। जिले के पहाड़ी और मैदानी ईलाकों में निवासरत ग्रामीणों ने बताया कि जिन ग्राम पंचायतों में तालाबों को भरने की व्यवस्था है वहां तो सूख रहे तालाबों को पुनः ट्युब बेल की मदद से भरा जा रहा है जिससे ग्रामीणों को निस्तारी की सुविधा मिल रही है। लेकिन जहां इस प्रकार की सुविधा नहीं है वहां संकट मुंह बाय खड़ा है।

उन्होंने बताया कि तालाबों का पानी तेजी से घट रहा है और अप्रैल माह के अंतिम दिनो तक इन तालाबों से पानी पूरी तरह गायब होने की आशंका बनी हुई है। इस तरह की सार्वधिक समस्या विकासखण्ड सहसपुर लोहारा तथा पंडरिया क्षेत्र में देखने को मिल रही है और इस क्षेत्र के लोग आने वाले दिनो में जलसंकट की संभावना से सहमे हुए हैं।



### कोलेगांव के चार में से तीन तालाब से पानी गायब

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के ग्रामीणों ने बताया कि यहां कहने को तो चार तालाब हैं लेकिन भीषण गर्मी के चलते इन बार तीन तालाबों का पानी अप्रैल माह में ही गायब हो गया है। वहीं एक तालाब है जिसमें अभी पानी है लेकिन यह पानी भी धीरे-धीरे गायब हो रहा है और दूषित भी होते जा रहा है। उस पर विडंबना ये है कि गांव के इन चारों तालाबों में से किसी भी तालाब में जल भराव की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में निश्चित रूप से आने वाले मई-जून के महिनों में ग्रामीणों के सामने निस्तारी की गंभीर समस्या हो सकती है। जिसकी तरफ शासन, प्रशासन तथा ग्राम पंचायत द्वारा फिलहाल कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम कोलेगांव की ही तरह जिले के दूसरे ग्रामीण और वनांचलों का भी कमोबेश यही हाल है।

**जन्मोत्सव:** हनुमान मंदिरों में की गई विशेष पूजा-अर्चना, दिनभर चले विभिन्न आयोजन

# नगर में धूमधाम से मनाया गया अंजनी पुत्र का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर सहित समूचे अंचल में मंगलवार को हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम एवं हषोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ रामभक्त हनुमान की विधिवत पूजा अर्चना कर सुखी जीवन के लिए मंगलकामना की गई।

इस बार हनुमान जयंती केशरीनंदन के प्रिय वार मंगलवार को पढ़ने के कारण लोगों में कुछ ज्यादा ही उत्साह देखने को मिला और पावन पर्व पर नगर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही हनुमत प्रेमी भक्तों की खासी भीड़ रही। धर्म नगरी कवर्धा सिद्धपीठ खेड़ापति हनुमान मंदिर में अंजनी कुमार की जयंती विविध आयोजनों के साथ मनाई गई। इस दौरान भक्त मंडलियों द्वारा हनुमान चालिसा, रामरक्षा स्त्रोत, सुंदरकांड व हनुमत सहस्त्र नामावली रामचरित मानस का विधिवत पाठ किया गया। जयंती के मौके पर केशरी नंदन का दूध, गंगा जल एवं नर्मदा जल, घी, शहद, दही व इत्र आदि से रूद्राभिषेक कर पवन कुमार का बाल रूप में श्रृंगार किया गया और महाआरती पश्चात प्रसाद विरतण किया गया। नगर के प्रसिद्ध व सिद्धपीठ श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में अभिषेक श्रृंगार के पश्चात घंटा, घडिड़ाल व शंख ध्वनि के साथ महाआरती कर हनुमत स्तवन के साथ हनुमान जी की स्तुति की गई। तत्वश्चात हनुमान लला को लड्डुओं का भोग लगाया गया और प्रसाद वितरण व भण्डारा प्रारंभ किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। वहीं जयंती के मौके पर संध्या आरती पश्चात सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भजन संध्या आयोजित की गई जिसमें स्थानीय मण्डलियों द्वारा देर रात तक भक्ति संगीत प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार सिविल लाईन स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के पावन पर्व पर अभिषेक हवन पूजन का आयोजन किया गया। जहां सभी वर्ग के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद गृहण किया। हनुमान जयंती के मौके पर नगर के हटरी पारा, कचहरी पारा, पुराना कृषि उपज मण्डी स्थित हनुमान मंदिर तथा लोहारा रोड़ स्थित मंदिर में भगवान हनुमान की जयंती पर पूजा पाठ व भण्डारा का भव्य आयोजन किया गया।





### नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

जयंती के मौके पर नगर के हनुमान मंदिरों में दिनभर पूजा पाठ के बाद शाम को सिद्धपीठ खेड़ापति हनुमान मंदिर से अंजनी पुत्र की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में हनुमान भक्त शामिल हुए। शोभायात्रा मंदिर परिसर से गाजे-बाजे, डीजे के साथ निकलकर हटरी पारा, ऋषभदेव चौक, एकता चौक, सिग्नल चौक, बस स्टैण्ड, सीएम हाऊस, गुरूनानक गेट, दर्री पारा, विक्की विडियो, महावीर स्वामी चौक, ठाकुर पारा होते हुए वापस खेड़ा पति हनुमान मंदिर पहुंची। इस दौरान जहां शोभायात्रा का जगह.जगह स्वागत किया गया वहीं शोभायात्रा में शामिल बजरंगियों ने स्थानीय एकता चौक में हनुमान जी भव्य महाआरती की और अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में शामिल बजरंगियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हांथ में केशरिया ध्वज लिए बजरंगियों ने समूचे नगर को भगवान श्रीराम और भक्त हनुमान के जयघोष से गुंजाएमान कर दिया।

### एकता चौक में की गई हनुमत लला की सामूहिक महाआरती

खेड़ापति हनुमान मंदिर से निकली शोभायात्रा के नगर भ्रमण के बाद एकता चौक पहुंचने पर हजारों की संख्या में हनुमान भक्तों ने हनुमत लला की सामूहिक महाआरती की। इस दौरान हनुमान भक्तों की श्रद्धा भक्ति और उत्साह देखते ही बन रहा था। महाआरती में नगर के कई गणमान्य नागरिकों ने भी हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे।

## भाजपा प्रवेश...



कवर्धा। भाजपा प्रवेश करने वाले भालूचुवा के पंचो व ग्रामीणों का किया गया स्वागत।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले तीन कर्मचारियों पर गिरी निलंबन की गाज

- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण में सूचना दिए जाने के बाद भी अनुपस्थित रहने एवं निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी कारण बताओ सूचना का जवाब समाधान कारक नहीं देने के कारण तीन कर्मचारियों पर निलंबन की कार्यवाही की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर कबीरधाम जनमेजय महोबे द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के नियम 134 तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के निर्देशों का उल्लंघन मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत दंडनीय होने से तीन कर्मचारियों को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन की कार्यवाही दो शिक्षक एलबी एवं एक प्रधान पाठक के ऊपर की गई है। निलंबन अवधि में संबंधित कर्मचारियों को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा कर्मचारियों का मुख्यालय संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है की संसदीय क्षेत्र लोकसभा राजनांदगांव के लिए दूसरे चरण पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यलय द्वारा व्यापाक तैयारी की गई है।मतदान दलों का गठन कर लगातार प्रशिक्षित किया गया है।

# भालुचुवा के तीन पंच सहित कई भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लोकसभा चुनाव में एक ओर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता लगातार जनसम्पर्क कर तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है वही दूसरी ओर अपना कुनबा बढ़ाने में भी लगे हुए है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी को मिली बड़ी सफलता के बाद लगातार कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है लोग बहुत संख्या में भारतीय जनता पार्टी एवं मोदी जी के कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश कर रहे है। इसी कड़ी में भोरमदेव मंडल के ग्राम भालूचुवा से तीन पंच सहित दर्जनों लोगों ने जिला अध्यक्ष अशोक साहू, महामंत्री संतोष पटेल श्रीकान्त उपाध्याय के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने भाजपा पट्टा पहनाकर ग्रामीणों को भाजपा में शामिल किया।

चन्द्र कुमार दिवाकर पंच,सरदार सिंह लहरे,कमल दास लहरे पंच, राम भरोसे लहरे पंच,बालक दास ,हीरा सिंह,अगर दास,राजकुमार डहरे, ग्राम पटैल, चैत राम बंजारे,रोहित दिवाकर ने भाजपा प्रवेश कर पार्टी के प्रति अपना विश्वास जताया । माना जा रहा है कि भाजपा को इन लोगों के भाजपा प्रवेश करने से लोकसभा चुनाव में लाभ मिल सकता है।


# इस बार प्याज उत्पादक किसानों की बल्ले-बल्ले

- हर साल इस सीजन में 6-7 रूपए किलो बिकने वाला प्याज अब 20 रूपए से कम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हर साल जिले के प्याज उत्पादक किसानो की मेहनत पर भारी पड़ने वाले प्याज के दाम इस साल लोगों की जेब पर भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। बीते सालों की बात करें तो नई प्याज के बाजार में आने के बाद किसानो को थोक में प्याज के दाम मात्र 6-7 रूपए किलो ही मिल पाते थे लेकिन इस बार ऐसा नहीं है, इस बार बाजार में नई प्याज आने के बाद भी इसके दाम 20 रूपए प्रति किलो से कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं।

जिसे लेकर फिलहाल प्याज उत्पादक किसानो की बल्ले-बल्ले है दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ वर्षो से प्रारंभ की गई शासन-प्रशासन की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं के चलते जिले के किसानो का रूझान उद्यानकी खेती की तरफ तेजी से बढ़ा है और वे



अपनी परम्परागत फसलों के साथ ही फल व साग-सब्जी की पैदावार भी प्रचुर मात्रा में ले रहे हैं। प्याज की खेती भी इसमें से एक है। जिले के विकासखण्ड कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया तथा सहसपुर लोहारा क्षेत्र के किसानो द्वारा इस बार भी अपने खेत और बाड़ी सहित सैकड़ो हेक्टेयर में प्याज की फसल लेकर हजारों मीट्रिक टन उत्पादन प्राप्त किया है, जिसकी खुदाई भी हो चुकी है अथवा चल रही है। अंचल के किसानो की माने तो प्याज की खुदाई होने के बाद वे अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने इसे बाजार में बेंच रहे हैं और वे खुश हैं कि उन्हें इस बार बाजार में प्याज के दाम बीते कुछ वर्षो की अपेक्षा अधिक मिल रहे हैं।

किसानो ने बताया कि फिलहाल बाजार में प्याज थोक में 15 रूपए प्रति किलो और फुटकर में 20 रूपए प्रति किलो के भाव से बिक रही है और शादी विवाह के सीजन में इसकी मांग भी अच्छी है।

### आगे दाम घटने की उम्मीद

बाजार सूत्रों की माने तो भले ही अभी प्याज फुटकर में 20 रूपए प्रति किलो के भाव से बिक रहा है लेकिन आने वाले दिनो में इसके दामों में कमी आएगी। क्योंकि अभी अधिकांश किसान सादी विवाह में व्यस्त है और उन्होने अपनी प्याज की खुदाई प्रारंभ नहीं की है फिर नासिक का प्याज अभी यहां नहीं पहुंचा है। कुल मिलाकर बाजार में प्याज की आवक कम होने के कारण दाम कम है आने वाले दिनो में आवक अधिक होने पर दाम कम हो जाएंगे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि मतदान दिवस के 48 घंटे के भीतर किसी भी प्रकार का सभा जुलुस निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार के लिए वाहन की उपयोग की अनुमति नहीं होगी।

बल्क एसएमएस, वाईस कॉल जातिगत, धार्मिक, मस्जित, मंदिर, गुरूद्धारा, चर्च एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर अंतिम 48 घंटों में अपील राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी द्वारा प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय समाप्त होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान उम्मीदवार सीनेमेटो ग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी निर्वाचन से संबंधि समाग्री को जनता के सामने प्रदर्शित नहीं करेंगे। किसी भी जनमत सर्वेक्षण या एक्जिट पोल के परिणाम को किसी भी समय प्रिंट, इलेक्ट्रानिक सहित अन्य मीडिया द्वारा किसी भी तरीके से प्रकाशित, प्रचारित या प्रसारित करने पर 24 अप्रैल 2024 के शाम 6 बजे प्रतिबंधित होगा। प्रिंट मीडिया पर राजनैतिक विज्ञापन या प्रचार समाग्री का अंतिम 48 घंटे के पूर्व प्रकाशन का प्रमाणन आवश्यक होगा।

**कलेक्टर जनमेजय महोबे ने श्रमिकों का बैच लगाकर किया स्वागत**

# दूसरे प्रांतों में गए श्रमिक मतदान करने लौटने लगे अपने घर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में लोकसभा निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के पहल पर एक अनूठी और अभिनव अभियान चलाया जा रहा है। इस अनूठी और अभिनव अभियान का नाम घर आजा संगी दिया गया है। इस अभिनव पहल के माध्यम से दूसरे राज्यो में गए जिले के स्थानीय श्रमिक-मजदूरों को दूरभाष ( मोबाईल) के माध्यम से संपर्क किया जा रहा है। श्रमिकों से संपर्क करने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है।

स्वीप कार्यक्रम के तहत श्रमिको को मोबाईल से संपर्क कर बताया जा रहा है कि लोकतंत्र का महापर्व कबीरधाम जिले में 26 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन लोकसभा का चुनाई तिहार है, इसलिए मतदान करने अपने घर-गांव अवश्य आए। लोकतंत्र का महापर्व पांच साल में सिर्फ एक बार ही आता है। आपका एक मत एक मजबूत भारत निर्माण के लिए आवश्यक है। कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी जनमेजय महोबे द्वारा जारी संदेश, आग्रह और अपील को सुनकर अपने घर-गांव से बाहर गए श्रमिक अपने मतदान के महत्व को समझने लगे है और मतदान करने कबीरधाम लौटने भी लगे है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत घर आजा संगी कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे और जिला पंचायत सीईओ स्वीप नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल ने आज बस स्टैंड में अन्य प्रदेश से मतदान के लिए आए जिले के स्थानीय मजदूरों का बैच लगाकर स्वागत किया। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी श्रमिकों को शत प्रतिशत मतदान के प्रेरित किया और अन्य व्यक्तियों को 26 अप्रैल को मतदान के लिए जागरूक करने कहा। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को स्वतंत्र, निर्भीक और निष्पक्ष होकर मतदान के लिए शपथ दिलाई। इसी तरह जिले के सहसपुर लोहारा, बोड़ला, कवर्धा और पंडरिया विकासखण्ड स्तर पर भी जनपद पंचायत सीईओ द्वारा मतदान करने लौटने वाले श्रमिक परिवारों का स्वागत अभिनंदन किया जा रहा है। घर आजा संगी पहल से मतदान करने लौटें श्रमिको ने इस अभिनव पहल की तारीफ की।

# गृह मंत्री और भाजपा प्रत्याशी ने शहर में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



गृह मंत्री विजय शर्मा एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संतोष पाण्डेय ने मंगलवार को कवर्धा शहर के विभिन्न वार्डो में घर-घर जनसंपर्क कर अपने लिए समर्थन मांगा। जनसंपर्क में प्रमुख रूप से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सांसद संतोष पाण्डेय को प्रचण्ड मतों से विजयी बनाने जनमानस से आह्वान किया। जनसंपर्क जमात मंदिर(बालीबल ग्राउंड)से प्रारम्भ होकर राधाकृष्ण वार्ड, मां शीतल मंदिर चौक, ठाकुर पारा,कबीरपारा, श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, देवांगन पारा, करपात्री चौक, सराफा लाइन, मेन रोड, आजाद चौक, दर्री पारा, ठाकुर देव चौक, नवीन बाजार, गुरुनानक गेट, मेन रोड, आजाद चौक से बस स्टैण्ड, पुराना मण्डी परिसर समापन किया गया।